**Office of the Principal**
**Government Paluram Dhanania Commerce and Arts College, Raigarh (C.G.)**
Affiliated to Shaheed Nandkumar Patel Vishwavidyalaya Raigarh (C.G.)
NAAC Grade "C"
Website- www.gpdcollegeraigarh.com E-Mail – pdcollege.raigarh@gmail.com

# Report

**Event Name:** Azadi ka Amrit Mahotsav Celebration

**Event Date:** 25, 26 February2022

**No. of Participants:** 200

**Activity Brief:**

Azadi ka Amrit Mahotsav was Celebrated in the college on 25th and 26th of February on which various literay and co-curricular activities were organised. On the first day speech, essay, slogan and debate competitions were held and on the second day rangoli, Mehandi, alpana and online quiz were organised.


More than200 students participated in the competition and exhibited their talent.






प्राचार्य कक्ष
GIRL CHILD IS NATIONS PRIDE
EDUCATION
DR.
TEACHER
ENGINEER
2022/02/26 13:35


का अमृत महोत्सव
साहित्यिक गतिविधियाँ
दिनांक - 25-02-2022
की राय मे ऑनलाईन परीक्षा छात्रहित मे नही है)
का अमृत महोत्सव : उपलब्धियाँ एवं चुनौतियाँ)
2022/02/25 12:24


का अमृत महोत्सव
गतिविधियाँ
25-02-2022
ऑनलाईन परीक्षा छात्रहित मे नही है)
2022/02/25 11:42


3
2022/02/26 15:13


2022/02/26 15:13

# पी. डी. महाविद्यालय में अमृत महोत्सव का भव्य आगाज

नवीन कदम / न्यूज




**रायगढ़।** शासकीय पालूराम धनानिया वाणिज्य एवं कला महाविद्याालय रायगढ़ में भारत सरकार निर्देशानुसार भारत के स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। पी. डी. महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. सुशील कुमार एक्का के निर्देशन में जिसका भव्य शुभारम्भ वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.बी. के. पटेल के कर कमलों से हुआ। इस अवसर परउन्होंने कहा कि प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की आजादी के आन्दोलन में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिए उनके बलिदान के कारण ही आज हम सब स्वतंत्र भारत में सम्मान के साथ अपना सर्वांगीण विकास करते हुए जीवनयापन कर रहे है और देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को महती भूमिका निभानी होगी।

विद्यार्थियों के मन में देशभक्ति की भावना जागृत करने एवं प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने हेतु इस अमृत महोत्सव में विविध प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में प्रथम दिवस में तत्कालिक भाषण, वाद-विवाद, निबंधलेखन, नारा लेखन का आयोजन किया गया जिसमें तत्कालिक भाषण में प्रथम योगेश देवांगन (बी.ए. प्रथम) द्वितीय शाश्वत पण्डा (बी. कॉ. द्वितीय) एवं तृतीय सिमरन सिंह (बी. कॉम. द्वितीय), वाद-विवाद प्रतियोगिता जिसका विषय ''इस सदन की राय में ऑनलाइन परीक्षा छात्र हित में नहीं है''में प्रथम शाश्वत पण्डा (बी. कॉ. द्वितीय) द्वितीय नवीन चौहान ( ) एवं तृतीय स्थान पर संयुक्त रुप से विनीत शर्मा (बी. कॉम तृतीय) राजा बसंत (बी.ए. तृतीय) रहे। निबंध प्रतियोगिता का विषय ''आजादी के अमृत महोत्सव - उपलब्धियाँ एवं चुनौतियाँ'' में प्रथम हनी देवांगन (बी. कॉम. द्वितीय) द्वितीय रितेश साहू (बी. कॉम प्रथम) तृतीय संयुक्त रुप से अंजली देवांगन (बी. ए. प्रथम) जया पटेल (बी. कॉम तृतीय) रहे। मानवाधिकार विषय पर नारा लेखन स्पर्धा का आष्योजन किया गया। जिसमें प्रथम रितेश साहू (बी. कॉम प्रथम) द्वितीय पराग पटेल (बी. कॉम तृतीय) तृतीय में ओम साहू (बी. कॉम प्रथम ) रहे। इस अमृत महोत्सव के द्वितीय दिवस में नारियों को सशक्त बनाने के लिए को रंगोली (बेटी बचाओं, बेटी पढ़ओं) मेंहदी एवं अल्पना प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस अमृत महोत्सव में महाविद्यालयीन अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी अपनी महत्वपूर्ण उपस्थितदर्ज कराकर छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाकर अपने कश्रव्यों का निर्वहन किया।

# शनि मंदिर के प्रथम वार्षिक पूजा उत्सव कार्यक्रम में शरीक हुए विधायक प्रकाश नायक



रायगढ़। जिले के पुसौर विकासखंड़ के अंतर्गत ग्राम कांदागढ़ में आयोजित शनि मंदिर के पहला वार्षिक पूजा उत्सव कार्यक्रम में रायगढ़ के युवा विधायक प्रकाश नायक शामिल हुए।यहाँ उन्होने विधिवत पूजा अर्चना कर कांदागढ़ व क्षेत्रवासियो के सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। विधायक ने इस आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। शनि मंदिर के प्रथम वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के तहत शनिवार को सुबह से ही पूजा अर्चना शुरू हो गया।पंडित जयराम पंडा,मोहितराम पंडा,प्रभांशु मिश्रा व पंडित लखपति देवता के निर्देशन में जजमान गांव के सरपंच सुलोचना प्रदीप प्रधान जनपद सदस्य गौरांख साव व मुरली साव द्वारा पूजा आराधना,पूजा अर्चना,हवन व अन्य कार्यक्रम किया गया। गांव की शाति समृद्धि के लिए विशेष रूप से सूर्यपुत्र शनि देव जी का आराधना किया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि हेमलाल साव,वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता फागुलाल लाल साव उपस्थित थे।

# पी डी महाविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव का दूसरा दिन

**»» मेंहदी एवं रंगोली में दामिनी तथा अल्पना में पुष्पा ने मारी बाजी**

**रायगढ़@किरणदूत**



आजादी की 75 वीं वर्षगांठ को शासन द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है इसी परिपेक्ष में शासकीय पालूराम धनानिया वाणिज्य एवं कला महाविधालय रायगढ़ में दो दिवसीय विभिन्न कार्य मों का आयोजन किया गया प्रथम दिवस में वाद-विवाद, तात्कालिक भाषण, निबंध लेखन, नारा लेखन आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था तथा कार्य म के द्वितीय दिवस में रंगोली, अल्पना एवं मेहंदी प्रतियोगिता के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए भारत के स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित एक ऑनलाइन क्विज का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ इन सभी प्रतियोगिताओं में भाग लिया मेहंदी प्रतियोगिता में कुल 17 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था जिसमें प्रथम स्थान पर बी.कॉम अंतिम वर्ष की छात्रा कुमारी दामिनी सिंह द्वितीय स्थान पर बीए अंतिम वर्ष की छात्रा कुमारी लता सिदार तथा बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा कुमारी निशी परवीन एवं तृतीय स्थान पर बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा कुमारी राधिका तुरी रही। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा कुमारी दामिनी सिंह द्वितीय स्थान पर कुमारी माया वैष्णव तथा तृतीय स्थान पर कुमारी धीरता चौहान एवं कुमारी खुशबू पटेल रहे। अल्पना प्रतियोगिता में बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा कुमारी पुष्पा श्रीवास प्रथम स्थान पर रही द्वितीय स्थान पर दो छात्राएं रही कुमारी दामिनी सिंह एवं कुमारी जया पटेल तृतीय स्थान कुमारी निशा यादव बीकॉम द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। ऑनलाइन क्विज में बीकॉम अंतिम वर्ष के छात्र मनीष चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर बीकॉम द्वितीय वर्ष के छात्र कैलाश दंडसेना तथा तृतीय स्थान पर बी.ए. एल एल. बी. सातवें सेमेस्टर की छात्रा कुमारी वैभवी मोडक रही। कुल 162 प्रतिभागियों ने इस क्विज में हिस्सा लिया था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. के. एक्का ने विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई दी तथा भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए और ज्यादा संख्या में भाग लेने हेतु प्रेरित किया।